# CBSE Class 6 Social Science Important Questions History Chapter 5 राज्य, राजा और एक प्राचीन गणराज्य

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
हम अपने शासकों का चुनाव किस प्रकार करते हैं?
उत्तर:
हम अपने शासकों का चुनाव मतदान के जरिए करते हैं।

प्रश्न 2.
राजा बनने की प्रक्रिया में परिवर्तन कब दिखाई। दिये?
उत्तर:
राजा बनने की प्रक्रिया में लगभग 3000 साल पहले कुछ परिवर्तन दिखाई दिये।

प्रश्न 3.
बहुत शक्तिशाली राजा कौनसा यज़ करते थे?
उत्तर:
बहुत शक्तिशाली राजा अश्वमेध यज्ञ करते थे।

प्रश्न 4.
अश्वमेध यज्ञ के पोड़े को किसी दूसरे राजा द्वारा रोके जाने पर क्या होता था?
उत्तर:
उस राजा को अश्वमेध यज्ञ करने वाले राजा से युद्ध करना पड़ता था।

प्रश्न 5.
वर्ण किसे कहते हैं?
उत्तर:
पुरोहितों ने लोगों को चार वर्गों में विभाजित किया, जिन्हें वर्ण कहते हैं।

प्रश्न 6.
चार वर्णों के नाम बताइये।
उत्तर:

- ब्राह्मण
- क्षत्रिय
- वैश्य
- शूद्र।

प्रश्न 7.
कौनसे राजा जनपदों के राजा माने जाने लगे थे?
उत्तर:
महायज्ञों को करने वाले राजा जनपदों के राजा माने जाने लगे थे।

प्रश्न 8.
जनपदों के लोग कौन-कौनसी फसलें उगाते थे?
उत्तर:
जनपदों के लोग चावल, गेहूँ, धान, जौ, दालें, गन्ना, तिल तथा सरसों जैसी फसलें उगाते थे।

प्रश्न 9.
'भाग' किसे कहते थे?
उत्तर:
महाजनपदों में उपज पर जो कर लगाया जाता था, उसे भाग कहते थे।

प्रश्न 10.
कृषि में परिश्रम अधिकतर कौन लोग करते थे?
उत्तर:
कृषि में परिश्रम अधिकतर दास, दासी तथा भूमिहीन खेतिहर मजदूर (कम्मकार) करते थे।

प्रश्न 11.
किसी एक महत्त्वपूर्ण महाजनपद का नाम बताइये।
उत्तर:
मगध।

प्रश्न 12.
मगध के किन्हीं दो शक्तिशाली शासकों के नाम दीजिये।
उत्तर:

- बिम्बिसार
- अजातसतु (अजातशत्रु)।

प्रश्न 13.
वजि राज्य में कौनसी शासन व्यवस्था थी?
उत्तर:
वजि राज्य में गण या संघ नामक शासन व्यवस्था थी।

प्रश्न 14.
गण शब्द का प्रयोग किसके लिए किया जाता हैं?
उत्तर:
गण शब्द का प्रयोग कई सदस्यों वाले समूह के लिए किया जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
दोष निकाय क्या है?
उत्तर:
दीघ निकाय एक प्रसिद्ध बौद्ध प्रन्य है। इसमें बुद्ध के कई व्याख्यान दिये गये हैं। इन्हें लगभग 2300 वर्ष पहले लिखा गया है।

प्रश्न 16.
बुद्ध तथा महाबीर किस शासन व्यवस्था से सम्बन्धित थे?
उत्तर:
बुद्ध तथा महाबीर दोनों ही गण या संघ से सम्बन्धित थे।

प्रश्न 17.
गण या संघ राज्यों का अन्त कब हुआ?
उत्तर:
गण या संघ राज्यों का अन्त लगभग 1500 साल पहले हुआ।

प्रश्न 18.
गण और संघ राज्यों पर अन्ततः किसने विजय प्रास की?
उत्तर:
गण और संघ राज्यों पर अन्तत: गुप्त शासकों ने विजय प्रास की।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
उत्तर - वैदिक ग्रन्थ किसे कहते हैं? इनमें क्या बताया गया है?
उत्तर:
उत्तर भारत में, खासकर गंगा - यमुना क्षेत्र में, ऋग्वेद के बाद रचे गये ग्रंथ उत्तर - वैदिक ग्रंथ कहे जाते हैं। इनके अंतर्गत सामवेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद तथा अन्य अंध शामिल हैं। पुरोहितों द्वारा रचित इन ग्रंथों में विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान और उनके संपादन की विधियाँ बताई गई हैं। इनमें सामाजिक नियमों के बारे में भी बताया गया है।

प्रश्न 2.
उत्तर - वैदिक काल में समाज में किस प्रकार के समूह थे? उनके बारे में संक्षिप्त में बताइये।
उत्तर:
उत्तर - वैदिक काल में समाज में कई समूह थे जिनमें पुरोहित, योद्धा, कृषक, पशुपालक, व्यापारी, शिल्पकार, श्रमिक, मछली पकड़ने वाले तथा जंगल में रहने वाले लोग शामिल थे। कुछ पुरोहित तथा योद्धा वैभवशाली थे, तो कुछ कृषक और व्यापारी भी धनवान थे और पशुपालक, शिल्पकार, अमिक, मछली पकड़ने वाले, शिकारी तथा भोजन - संग्राहक समूह निर्धन थे।

प्रश्न 3.
उत्तर - वैदिक काल में अछूत वर्गों में कौन - कौन शामिल थे?
उत्तर:

उत्तर - वैदिक काल में अछूत वर्गों में कुछ शिल्पकार, शिकारी तथा भोजन - संग्राहक शामिल थे। साथ ही इनमें ये लोग भी आते थे, जो शवों को दफनाने या जलाने का काम करते थे। इन लोगों से संपर्क अपवित्र माना जाता था।

प्रश्न 4.
'चित्रित - धूसर पात्र' क्या हैं? वर्णन कीजिए।
उत्तर:
जनपदों की बस्तियों के पुरास्थलों से कुछ विशेष प्रकार के बर्तन मिले हैं जिन्हें 'चित्रित - धूसर पात्र' के नाम से जाना जाता है। इन बर्तनों पर सरल रेखाओं तथा ज्यामितीय आकृतियों के रूप में चित्रकारी की गई है। इस तरह के पात्रों में ज्यादातर पालियाँ और कटोरियाँ ही मिली हैं। ये पात्र बहुत ही पतली सतह के सुंदर और चिकने हैं। शायद इसका प्रयोग खास मौकों पर, महत्वपूर्ण लोगों को भोजन परोसने के लिए किया जाता था।

प्रश्न 5.
महाजनपदों की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:
महाजनपदों की विशेषताएँ:

1. अधिकतर महाजनपदों की एक राजधानी होती थी।
2. कई राजधानियों में किलेबंदी की गई थी। इसके लिए इनके चारों ओर लकड़ी, ईंट या पत्थर की कैची दीवारें बनाई गई थीं।
3. महाजनपदों के राजा बड़ी सेना रखते थे।
4. सिपाहियों को नियमित वेतन दिया जाता था।
5. महाजनपदों के राजा लोगों से नियमित रूप से कर वसूलते थे।

प्रश्न 6.
महाजनपद काल में कृषि में क्या बड़े परिवर्तन आए?
उत्तर:
महाजनपद काल में कृषि के क्षेत्र में दो बड़े परिवर्तन आए:
1. हल के फाल अब लोहे के बनने लगे। अब कठोर जमीन को लकड़ी के फाल की तुलना में लोहे के फाल से आसानी से जोता जा सकता था। इससे फसलों की उपज बढ़ गई।

2. अव धान के पौधों का रोपण शुरू हुआ अर्थात् खेतों में बीज छिड़ककर धान उपजाने के बजाय धान की पौध तैयार कर उनका रोपण शुरू किया गया। अब पहले की तुलना में बहुत ज्यादा पौधे जीवित रहते थे, इसलिए पैदावार भी ज्यादा होने लगी।

प्रश्न 7.
सिकन्दर के बारे में आप क्या जानते हैं? मगध से उसके सम्बन्ध के बारे में बताइये।
उत्तर:
लगभग 2300 साल पहले, सिकन्दर मेसिडोनिया का राजा था। वह विश्व - विजय करना चाहता था। पूरी तरह सफल न होने पर भी वह मित्र और पश्चिमी एशिया के कुछ राज्यों को जीतता हुआ भारतीय

https://www.evidyarthi.in/

उपमहाद्वीप में व्यास नदी के किनारे तक पहुँच गया। उसने मगध की ओर भी कूच करना चाहा। लेकिन उसके सिपाहियों ने इंकार कर दिया। वे इस बात से भयभीत थे कि भारत के शासकों के पास पैदल, रथ और हाथियों की बहुत बड़ी सेना थी। इस प्रकार उसके सैनिक मगध की शक्तिशाली सेना से भयभीत